हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 16 मई 2025
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

4 शिवपुर चरचा में मांगों संबंधी सबसे ज्यादा आवेदन



## खबर संक्षेप

### चयनित विद्यार्थियों का दस्तावेज परीक्षण आज

**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले में संचालित दो एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6 वीं में विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए अंतिम मेरिट अनुसार चयनित एवं प्रतीक्षा सूची में शामिल विद्यार्थियों की सूची जारी कर 12 मई से 14 मई तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यायलय पोड़ीडीह विकासखंड़ खड़गवां जिला एमसीबी के ऑडिटोरियम कक्ष में कॉउसिलिंग आयोजित की गई थी। इसमें मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति विद्यार्थियों का नाम सम्मिलित नहीं हुआ था, जिसे सम्मिलित करते हुए पुनः चयनित एवं प्रतीक्षा सूची जारी की जा रही है। चयनित एवं प्रतिक्षा सूची में उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जो पूर्व तिथियों में आयोजित कॉउसिलिंग में सम्मिलित हुए थे शेष परीक्षार्थी 16 मई एवं 17 मई को प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह विकासखंड़ खड़गवां जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के ऑडिटोरियम कक्ष में समस्त अभिलेख/ दस्तावेजों के साथ उपस्थित होंगे। चयनित विद्यार्थियों को प्रवेश के समय निम्नानुसार दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा।

### दिव्यांग मतदाताओं के लिए समिति गठित

**बैकुण्ठपुर।** आगामी निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान प्रक्रिया को सरल और समावेशी बनाने के लिए जिला प्रशासन कोरिया द्वारा जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। यह समिति भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार गठित इस जिला स्तरीय समिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरिया को अध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही समिति में उप संचालक समाज कल्याण, जिला शिक्षा अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता, जिला साक्षरता मिशन के प्रतिनिधि और एक दिव्यांग प्रतिनिधि अरविंद जयसवाल को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। यह समिति दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाएं जैसे रैम्प, व्हीलचेयर, ब्रेल बैलट पेपर, सहायकों की उपलब्धता एवं परिवहन सुविधा सुनिश्चित करेगी।

### मंत्री दिलीप अब मंडला जिले के भी प्रभारी

**बिजुरी।** कोतमा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश सरकार में



कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल को प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव द्वारा सीधी जिले का पालक मंत्री बनाया गया था। वहीं अब मंडला जिले का भी प्रभार दिए जाने के बाद जहां इनका दायित्व भार बढ़ा. दिया गया। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में भी खुशियों का बयार है। मंत्री श्री जायसवाल का दायित्व भार और अधिक बढ़ाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने जहां खुशियां मनाया। वहीं डॉ. मोहन यादव का आभार जताया है।

### मवेशी से टकरा कर गिरा बाइक सवार, मौत

**अम्बिकापुर।** मवेशी से टकरा कर सड़क किनारे गिरे बाइक सवार की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लटोरी पुलिस चौकी अंतर्गत अनुजनगर निवासी इंदला सिंह (65 वर्ष) मंगलवार को अनुजनगर स्थित अपने नए मकान से पुराना घर बाइक से जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में मवेशियों से टकराकर सड़क किनारे गिर गया जिसे परिजन अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

---

पहली सामान्य सभा में सर्वसम्मति से निर्णय

# जिपं कोरिया में वन नेशन वन इलेक्शन का प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला पंचायत के सभागार में गुरूवार को नव निर्वाचित जिला पंचायत समिति की पहली सामान्य सभा की बैठक संपन्न हुई। जिपं अध्यक्ष मोहित पैकरा ने बैठक की अध्यक्षता की। सभा में सबसे पहले निर्वाचित होकर आए सदस्यों का परस्पर सदन में परिचय कराया गया और सभी विभाग प्रमुखों ने जनप्रतिनिधियों को अपना परिचय दिया।

पहली बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को जिला पंचायत की सामान्य सभा और जिला पंचायत की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से अवगत कराया। इसके बाद 15 मई की बैठक में उपस्थित सदस्यों ने एक-एक कर अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्राप्त हो रही आमजन की सामान्य मांग और समस्याओं का विवरण सदन के पटल पर रखे। सामान्य सभा की बैठक में वन नेशन वन इलेक्शन का प्रस्ताव रखा गया था।



जिला पंचायत में पहली सामान्य सभा में उपस्थित अध्यक्ष, सीईओ।

इस पर जिला पंचायत कार्यालय के उप संचालक श्रीमती ऋतु साहू ने विस्तार से जानकारी दी। आपसी चर्चा उपरांत सर्वसहमति से वन नेशन वन इलेक्शन का प्रस्ताव सदन में पारित किया गया। इसके साथ ही दो पूर्व पंचायत कर्मियों के निधन से रिक्त पदों पर उनके आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किए जाने का प्रस्ताव भी सदन में पारित किया गया।

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में धरती आबा जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत प्रस्तावित कुल 75 सड़कों के और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण अंतर्गत कुल 51 छोटी सड़कों के निर्माण कार्य के प्रस्ताव तथा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 13 पूर्वनिर्मित सड़कों और प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत पूर्वनिर्मित 5 सड़कों के सुधार कार्यों के प्रस्ताव का अनुमोदन भी सर्वसहमति से प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के कार्यपालन अभियंता एमआर सिंह ने बताया कि इन सड़कों के कार्य ⏭ शेष पेज 4 पर

### एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी

**मनेन्द्रगढ़।** एक राष्ट, एक चुनाव जैसे राष्टीय महत्व के विषय पर 16 मई को चिरमिरी स्थित तानसेन भवन में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी लोकतंत्र को सशक्त बनाने और चुनाव प्रक्रिया में सुधार की दिशा में सार्थक संवाद स्थापित करने का प्रयास था। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री एवं विधायक श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र की विधायक रेणुका सिंह और जिलाध्यक्ष श्रीमती श्रीमती चंपादेवी पावले भी अपने विचार रखते हुए विषय की महत्ता पर अपनी बात रखेंगी। संगोष्ठी में जिले के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारीगण, कार्यसमिति सदस्य, सभी मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि, शक्ति केन्द्र प्रभारी, पंचायत एवं नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि सहित काफी संख्या में आम नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। अभियान के जिला संयोजक रामेश्वर पांडे ने बताया कि एक राष्ट, एक चुनाव से न केवल प्रशासनिक खर्च में कमी आएगी, बल्कि देशभर में सुशासन को बल मिलेगा।


# रामगढ़ क्षेत्र में टॉवर नहीं ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- 23 मई के कार्यक्रम के बहिष्कार का एलान

सुदूर वनांचल क्षेत्र रामगढ़ और आसपास के ग्रामों में मोबाइल नेटवर्क की लंबे समय से जारी समस्या को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश अब सार्वजनिक विरोध में बदल गया है।

स्थानीय सरपंच, उपसरपंच, पंच व अन्य जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने एक सुर में घोषणा की है कि यदि गांवों में जल्द से जल्द मोबाइल टावर नहीं लगाए गए, तो वे 23 मई को रामगढ़ में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम का बहिष्कार करेंगे। इसे लेकर कलेक्टर कोरिया को पत्र भी लिखा गया है। इन लोगों का कहना है कि टॉवर नहीं तो सुशासन तिहार नहीं इस नारे के साथ ग्रामीण और जनप्रतिनिधि लामबंद हो चुके हैं। उनका कहना है कि शासन द्वारा सुशासन तिहार जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, लेकिन बुनियादी सुविधाएं जैसे संचार और नेटवर्क जैसी आवश्यकताओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में नेटवर्क की भारी कमी के कारण न तो छात्र ऑनलाइन पढ़ाई कर पाते हैं और न ही लोग आपातकालीन सेवाओं से जुड़ पाते हैं। कई बार बीमार व्यक्तियों को



फाइल फोटो

समय पर चिकित्सकीय परामर्श तक नहीं मिल पाता। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बताया कि उन्होंने कई बार ब्लॉक और जिला प्रशासन को टावर की मांग को लेकर आवेदन दिया है, पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अब सब्र का बांध टूट चुका है और यदि 23 मई तक ठोस पहल नहीं हुई, तो सुशासन तिहार का बहिष्कार तय है।

# पेट्रोल पंप में अचानक ब्लास्ट, बड़ा हादसा टला

**खड़गवां।** क्षेत्र के रतनपुर स्थित पेट्रोल पंप में 14 मई को दोपहर लगभग 1 बजे अचानक ब्लास्ट हो गया। इस धमाके से पेट्रोल पंप के ऑफिस का दरवाजा क्षतिग्रस्त हो गया और कांच सहित ऑफिस में रखा सामान भी टूट-फूट गया।

घटना के समय बाजार का दिन होने के कारण पंप पर लोगों की आवाजाही बनी हुई थी, लेकिन पेट्रोल पंप कर्मचारियों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। सभी कर्मचारियों ने समय रहते स्थिति को



संभालते हुए अग्निकांड जैसी आशंका को भी टाल दिया। घटना की सूचना संबंधित विभागों को दे दी गई है। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन धमाके के कारण लोगों में दहशत का माहौल जरूर बन गया। घटना के कारणों की जांच जारी है।

### सहकारी संस्था परसवार का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम दुलहरा स्थित जागृति बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित परसवार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्था द्वारा किए जा रहे बीज उत्पादन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। समिति के अध्यक्ष ने कलेक्टर को अवगत कराया कि इस संस्था में कुल 8 ग्राम के 57 किसान सम्मिलित हैं तथा यहां मुख्य रूप से धान, गेहूं एवं दाल के बीज तैयार किए जाते हैं। कलेक्टर श्री पंचोली ने संस्था के कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे किसानों के लिए लाभकारी बताया।

### बाजार में आई रसीली लीची...



**बैकुण्ठपुर।** गर्मी के सीजन में रसीली लीची सभी को लुभा रही है। शहर के बाजार में लीची के व्यापारी ठेले में घूम-घूमकर लीची विक्रय कर रहे हैं। शहर के बाजार में 100 रूपए किलो के दर से लीची बेची जा रही है।

# पति ने पत्नी की कर दी हत्या



पुलिस गिरफ्ता में आरोपी।

- खाना नहीं बनाने को लेकर हुआ था विवाद

**कोरिया कॉलरी।** पारिवारिक विवाद ने एक बार फिर एक महिला की जान ले ली। कोरिया कॉलरी में बीते दिनों एक पति ने अपनी पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी बलदेव का अपनी पत्नी प्रमिला से दोपहर का खाना नहीं बनाने को लेकर विवाद हुआ था। बात इतनी बढ़ गई कि बलदेव ने प्रमिला से मारपीट शुरू कर दी। शाम करीब 6 बजे प्रमिला की मौत हो गई। घटना की सूचना मृतिका की मां को ट्रैक्टर मालिक असलम के मोबाइल से मिली। श्यामदेव नामक व्यक्ति ने उन्हें बताया कि बलदेव अपनी पत्नी से मारपीट कर रहा है। जब मृतिका की मां मौके पर पहुंची तो प्रमिला अचेत अवस्था में पड़ी थी। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए आरोपी बलदेव के खिलाफ धारा 103 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### 15 एकड़ भूमि में की जा रही उन्नत खेती

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम दारसागर में कृषक विनय पटेल सहित अन्य 12 किसानों द्वारा 15 एकड़ भूमि में की जा रही टमाटर एवं करेला की उन्नत खेती का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानों के नवाचार और मेहनत की सराहना करते हुए उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दारसागर को उद्यानिकी फसलों के उत्पादन के लिए क्लस्टर के रूप में विकसित किया जाए।



जब्त वाहन।

# शासकीय स्कूलों में ग्रीष्मावकाश के दौरान समर कैम्प

**बैकुण्ठपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग छग एवं लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के निर्देशानुसार कोरिया जिले के बैकुंठपुर और सोनहत विकासखंड़ों के शासकीय विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प प्रतिदिन प्रातः 7:30 से 9:30 बजे तक संचालित हो रहे हैं।

कलेक्टर चंदन त्रिपाठी एवं जिपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. अशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित इस समर कैम्प का उद्देश्य विद्यार्थियों को अवकाश के दौरान भी शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़े रखना है। साथ ही छात्रों में रचनात्मकता, अभिव्यक्ति, पारंपरिक खेलों के प्रति रुचि एवं सामाजिक सहभागिता की भावना को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। कक्षा 2 से 12 तक के



विद्यार्थियों के लिए आमाराइट योजनांतर्गत गतिविधियां निर्धारित की गई हैं। इनमें गीत-संगीत, कला, नृत्य, अभिनय, मिट्टी कला, मुखौटा निर्माण, रंगोली, मेंहदी, आर्ट एंड क्राफ्ट, साथ ही कैरम, लूडो, सांप-सीढ़ी जैसे पारंपरिक खेल शामिल हैं। बच्चों द्वारा सीखी गई कलाओं को वे अपने माता-पिता के साथ साझा कर रहे हैं, जिससे परिवार भी इस अभियान से जुड़ रहा है। समर कैम्प में विद्यार्थियों को अपने गांव-शहर के ऐतिहासिक तथ्यों से अवगत कराया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग कर बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा की भी प्रारंभिक जानकारी दी जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि सभी संकुल समन्वयकों एवं संस्था प्रमुखों को समर कैम्प के सफल आयोजन के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही समर कैम्प की नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी की गई है, जिससे इसकी गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

# अवैध रेत परिवहन करते वाहन जब्त

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर के निर्देश पर खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध खनिज (रेत) उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए छह वाहनों को जब्त किया है। यह कार्रवाई तहसील बैकुंठपुर एवं पटना क्षेत्र में की गई।

गश्त के दौरान इन वाहनों को अवैध रूप से रेत का परिवहन करते पाया गया, इसके बाद उन्हें मौके पर ही जब्त कर समीपस्थ बैकुंठपुर एवं पटना थाने में अभिरक्षा में रखा गया है। जब्त किए गए वाहनों की जानकारी सीजी 16 सीएन 9778, ट्रैक्टर मालिक समीर जायवाल, सीजी 15 एसी 5642 मिनी ट्रक मालिक रोशन राजवाड़े, सीजी 07 सीए 8404 मिनी ट्रक मालिक रमेश चंद्र साहू, महिन्द्रा ट्रैक्टर (सोल्ड) मालिक श्रीमती चंद्रमणी, सीजी 15 सीएम 9082 मिनी ट्रक मालिक राजू साहू तथा सोनालिका ट्रैक्टर (सोल्ड) के मालिक भूपेन्द्र राजवाड़े हैं। इन सभी वाहन मालिकों के विरूद्ध छग गौण खनिज नियम 2015 की धारा 71 तथा खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### तेंदूपत्ता संग्रहण को मिलेगा बढ़ावा

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि मप्र पंचायत उपबंध अधिनियम 2022 के अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्रहण एवं व्यापार की प्रक्रिया ग्राम सभाओं के माध्यम से सुव्यवस्थित रूप से संचालित की जाए तथा तेंदूपत्ता संग्रहण को बढ़ावा मिले। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम सभाओं का आयोजन कर ग्रामीणों को तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए प्रेरित किया जाए।

महज 500 रूपए में पारिवारिक दान, हक त्याग जैसे पंजीयन

# राहत : अब घर बैठे रजिस्ट्री की सुविधा भी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में पंजीयन सेवाओं को आधुनिक और पारदर्शी बनाने के लिए छग सरकार के पंजीयन विभाग ने दस नई डिजिटल सुविधाओं की शुरूआत की है। इन सुधारों से आम नागरिकों को अधिक सरल, सुरक्षित और समयबद्ध सेवाएं मिलेंगी।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में इन सुधारों की जानकारी दी और अधिकारियों को प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पंजीयन विभाग को सेवा गुणवत्ता, पारदर्शिता और डिजिटल सुधारों की दिशा में निरंतर प्रयास करने होंगे। उन्होंने बताया कि अब रजिस्ट्री के साथ स्वतः नामांतरण की




सुविधा भी लागू कर दी गई है, जिससे लोगों को लंबी प्रक्रिया और दलालों से छुटकारा मिलेगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले के पंजीयन विभाग ने लगभग 15 करोड़ रूपए का राजस्व अर्जित किया है, जो निर्धारित लक्ष्य का 80 प्रतिशत है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर ने विभागीय कर्मचारियों की सराहना की। जिला पंजीयक अधिकारी विवेक कुमार सिंह ने कार्यशाला में शासन द्वारा लिए दस महत्वपूर्ण निर्णय के बारे में राजस्व अधिकारियों को जानकारी दी। इसमें आधार आधारित प्रमाणीकरण से फर्जीवाड़े पर रोक लगेगी। ऑनलाइन सर्च और डाउनलोड की सुविधा होने से खसरा नंबर से दस्तावेज की जांच की जाएगी। भारमुक्त प्रमाण पत्र से संपत्ति की स्थिति ऑनलाइन जानकारी मिलेगी। एकीकृत कैशलेस भुगतान से फीस और स्टांप शुल्क एक साथ होगी। व्हाट्सएप मैसेज सेवा से रीयल टाइम अपडेट की जानकारी मिलेगी। डिजी लॉकर के माध्यम से दस्तावेजों का डिजिटल भंडारण की सुविधा होगी।

ऑटो डीड जनरेशन से दस्तावेजों का स्वचालित निर्माण होगा। डिजी डॉक्यूमेंट सेवा से शपथ पत्र और अनुबंध ऑनलाइन होगी। घर बैठे रजिस्ट्री की सुविधा मिलेगी, ऑनलाइन साक्षात्कार और पंजीयन होगा। अब यह भी निर्णय लिया गया है कि रजिस्ट्री के साथ स्वतः नामांतरण और नाम दर्ज होगा। इसके अलावा सरकार ने नागरिकों को राहत देते हुए ⏭ शेष पेज 4 पर




# रतनपुर में सुशासन तिहार, ग्रामीणों ने ली पानी बचाओ की शपथ

**बैकुण्ठपुर।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला के खड़गवां विकासखंड़ अंतर्गत ग्राम रतनपुर में 14 मई को एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर रतनपुर में आयोजित किया गया। शिविर में खड़गवां, पोड़ीडीह, कोड़ागी, पेन्ड्री, बोड़ेमुड़ा, धनपुर, कोटेया एवं रतनपुर ग्राम पंचायत के ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से पानी बचाओ की शपथ ली और अपने गांव में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया जिसमें जनपद पंचायत द्वारा सूरजकुंवर, राजकुमारी सिंह, होशियारो, राम कुमार, मानकुंवर, संगीता कुमारी, ⏭ शेष पेज 4 पर

ARPA RIVER VALLEY
INTERNATIONAL
SCHOOL

# BEHIND EVERY SCORE, THERE'S A STORY OF HOPE AND HARD WORK

ARVIS proudly celebrates the outstanding success of our ARVISIANS in the Grade 10th & 12th Board Exams. This achievement isn't just about high scores, it's about the dedication of our ARVISIANS, the commitment of our teachers, and the unshakable trust of our parents. **Congratulations to our young achievers,** you've made us proud, not just with your marks, but with your mindset and determination.

## OUR CLASS 12TH ACHIEVERS

ADITYA RAJ MATHUR 96.8%

HARSH LAHRE 93.20%
NEHA VERMA 92.20%
ARNAV PRASAD 90.80%
ISHANT KUMAR RATNAKAR 90.40%
ABHILASH KHUTE 90.40%
PRANJAL MISHRA 90%
PRISHA SAHU 89.80%
MAHIN HUSAIN 89.80%
YASHI SHARMA 89.60%
RICHA NIRNEJAK 89.60%
RAJAT SAHU 89.60%
ADARSH KUMAR ANCHAL 89.20%
DEEPAK KUMAR CHANDRAVANSHI 89.20%
KOMAL MANGTANI 88.60%
KAVYANSH KASHYAP 88%
NIHAL SINGH RAJPAL 87.40%
MEDHANSHU BHARDWAJ 86%
MD. SAIF AHMED 86%
ANSHIKA AGRAWAL 85.80%
NEERZARA PRADHAN 85.20%

## OUR CLASS 10TH ACHIEVERS

SHUBH KACHHWAHA 98.6%

HARSHIT GUPTA 97.8%
SAKSHI KEDIA 97.6%
ADITYA SINGH 95.2%
ADVAIT PETE 94.2%
RADHIKA SAHU 93.8%
AAHANA BASKAR 92.6%
SOMYA WADHWANI 92.6%
GURVEER SINGH CHAWLA 92.4%
ANANYA YADAV 92%
SWASTIKA KESHKAR 91.6%
SAIANSH AGARWAL 90.8%
MADHUSHRI GUPTE 90.4%
ANUKRITI KUMARI 90.2%
AARUSH AGRAWAL 89.8%
VIVEK KUMAR KASHYAP 89.4%
BHAWESH PATEL 88.4%
AARADHYA GUPTA 86.8%
MILEE JANGDE 86.4%
RAGHUVEER SINGH KHARSAN 86%
BAPY MAHANANDA 85.4%

## QUALIFIED AND DEDICATED FACULTY

- Digital Learning Support
- Holistic Learning
- Support for competitive exams
- Vast subject choices
- Global Exposure
- Career Orientations
- Excellent Co-Curricular Facilities
- Expert Sport Coaches

## SUBJECT COMBINATIONS OFFERED

Maths/Biology/Commerce/Humanities with various additional subjects like....

Legal Studies | Psychology | Dance (Kathak) | Entrepreneurship | CS/IT | Yoga | Fashion Studies




# ARPA RIVER VALLEY INTERNATIONAL SCHOOL

9981794669, 9669049994, 9893056085 Beside Radhasoami Satsang Beas, Dheka-Masturi Road, Bilaspur, Chhattisgarh - 495001 www.arvis.edu.in

## खबर संक्षेप

### सीबीएसई 12वीं बोर्ड में काव्य तायल ने हासिल किया 98.25 फीसदी अंक



**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर मुख्य मार्ग निवासी तायल ज्वेलर्स के संचालक विकास तायल के पुत्र काव्य तायल ने सीबीएसई 12 वीं परीक्षा में 98.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है।यह न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे बिश्रामपुर क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है।छात्र काव्य तायल राजधानी रायपुर स्थित एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल में अध्ययन कर रहे थे।

### मयंक बड़ा ने 10वीं बोर्ड में हासिल किया 92.2 प्रतिशत अंक



**बलरामपुर।** जिला मुख्यालय स्थित संत जोसेफ इंग्लिश मीडियम स्कूल दर्रीडीह में अध्यनरत छात्र मयंक बड़ा ने सीबीएसई दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 92.2 प्रतिशत अंक हासिल करके पूरे कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय को गौरवान्वित किया है। छात्र मयंक ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के गुरुजन, माता-पिता को दिया है। मयंक के माता-पिता शासकीय विद्यालय बलरामपुर में व्याख्याता के पद पदस्थ है। विद्यालय में प्रथम आने पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने मयंक को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### एक राष्ट्र एक चुनाव पर उदयपुर में संगोष्ठी, मिला जनसमर्थन



**उदयपुर।** एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के तहत विकासखंड उदयपुर रेस्ट हाउस में राजनीतिक संगोष्ठी हुई। संगोष्ठी में वक्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू ने कहा कि देश में पंचायत, विधानसभा और लोकसभा के तीन स्तरों पर चुनाव होते हैं। इन चुनावों में प्रशासन को भारी खर्च और समय देना पड़ता है। एक साथ चुनाव होने से समय और खर्च दोनों की बचत होगी। इससे देश के विकास कार्यों में तेजी आएगी। आम जनता को भी कई तरह की राहत मिलेगी। संगोष्ठी में ब्लॉक के सेवानिवृत्त कर्मचारी, अधिकारी और विभिन्न समाजों के प्रमुख शामिल हुए। सभी ने सार्थक चर्चा के बाद एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान का समर्थन किया। इस दौरान देवगढ़ अखंड, विधायक सिंह, प्रबोध सिंह, अनिल प्रताप सिंह, दीपक सिंघल, संतोष जायसवाल, लवकेश राजवाड़े, रामप्रसाद गुप्ता, कमलेश , श्यामलाल जायसवाल, बसंत सिंह, सुदर्शन अग्रवाल व अन्य व्यापारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

### एसईसीएल में वित्त विभाग के 22 अधिकारियों के पदस्थापना स्थल बदले

**बिश्रामपुर।** मंगलवार 13 मई को जारी आदेश में एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में पदस्थ 22 वित्त अधिकारियों के पदस्थापना स्थल बदल कर उन्हें नई जिम्मेदारी दी गई है।जारी आदेश में बिश्रामपुर में पदस्थ दिनेश कुमार को सोहागपुर व सुकांता कुमार जोदार को चिरमिरी क्षेत्र पदस्थ किया गया है।वही रायगढ़ में पदस्थ मैनेजर वित कार्तिकेय को बिश्रामपुर पोस्टिंग दी गई है।बिलासपुर मुख्यालय में पदस्थ प्रभात चंद्र सैनी को सीई डब्ल्यू आर एल रायपुर पदस्थ किया गया है ,इसी स्थान पर पदस्थ विनीत कुमार सिंह को बिलासपुर मुख्यालय पोस्टिंग दी गई है।भटगांव में पदस्थ अवधेश जायसवाल को बैकुंठपुर चिरमिरी में पदस्थ प्रभात कोली को दीपिका एरिया,दीपका में पदस्थ अजय गुप्ता को कुसमुंडा एरिया, रजत कनोड़िया को हसदेव से रायगढ़,जमुना कोतमा में पदस्थ चन्द्र भानु कुमार को बैकुंठपुर एरिया,रायगढ़ क्षेत्र के पदस्थ अनुराग खोखर को जोहिला एरिया,कंपनी मुख्यालय में पदस्थ वैभव अग्रवाल को गेवरा एरिया,चंद्रकांत चिंचोली सोहागपुर से रायगढ़ एरिया,सोहागपुर में पदस्थ कार्तिकेय नरसिंमलू को हेड क्वार्टर,जोहिला में पदस्थ सुमित जायसवाल को जमुना कोतमा एरिया,अनूप कुमार सिंह बैकुंठपुर से भटगांव क्षेत्र,कीर्ति दुआ दीपका से कुसमुंडा,विक्रम चंद्राकर चिरमिरी से बिलासपुर मुख्यालय,नाबिल होवायरा गेवरा से हेड क्वार्टर,दीपक शर्मा को कुसमुंडा से रायगढ़,सूर्य प्रकाश हेड क्वार्टर से चिरमिरी,टेकचन्द्र अग्रवाल को कंपनी मुख्यालय से सोहागपुर स्थानांतरित किया गया है ।

### भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं ने विजय राज को दी श्रद्धांजलि



**प्रतापपुर।** विधायक शकुंतला सिंह के छोटे देवर का आकस्मिक निधन हो जाने से भाजपा कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों भाजपा मंडल कार्यालय में मृत आत्मा के शांति के लिए 2 मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। तथा विजय राज बहादुर सिंह को श्रद्धांजलि देकर उनके कुशल व्यक्तित्व को याद किया गया। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व ट्रैक्टर दुर्घटना में उनकी दर्दनाक मौत हो गई थी। विजय राज सिंह, विधायक शकुंतला सिंह के सबसे छोटा देवर से तथा एक उन्नत कृषक के साथ में गांव में एक बहुत ही प्रतिष्ठित युवा के रूप में जाने जाते थे। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी, अंबिका जायसवाल, अवधेश पांडे, राम रतन गुप्ता, आनंद, अरविंद, बहादुर तायल सहित अन्य उपस्थित थे।

## लखनपुर के भरतपुर क्षेत्र में लकड़ी तस्कर सक्रिय

# लकड़ी तस्कर रात के अंधेरे में काटते हैं सेमर सहित अन्य प्रजाति के पेड़



काटे गए सेमर पेड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

लखनपुर क्षेत्र में लकड़ी तस्करी करने की घटना थमने का नाम नहीं ले रहा। आलम यह है कि क्षेत्र से बड़ी संख्या में नीलगिरी के साथ अन्य प्रजातियों के पेड़ों का काटा जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि शिकायत के बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद है। ऐसे में बड़ी संख्या में इमारती लकड़ी आसपास के क्षेत्र सहित दूसरे राज्यों में खपाया जा रहा है। हालांकि वन विभाग व पुलिस द्वारा पूर्व में अवैध लकड़ी तस्करी के मामले में कार्रवाई की थी लेकिन अब एक बार फिर क्षेत्र में लकड़ी तस्कर सक्रिय हो गए है।

**खास बात**
- ट्रैक्टर सहित अन्य वाहनों से करते है तस्करी

क्षेत्र के जंगलों से लम्बे समय से लकड़ी की तस्करी की जा रही है जो आज भी जारी है। तस्कर जंगल में सक्रिय तो रहते है अब गांव के लोगों को मोटी राशि कमाने का झांसा देकर उनके खेतों के मढ़ में लगाए गए सेमर काटने लगे है। इसके अलावा तस्कर सड़क किनारे लगे वर्षो पुराने सेमर के पेड़ को बगैर अनुमति काटने लगे है। जंगल में पेड़ों की अवैध कटाई पर वन विभाग की टीम ने कुछ हद तक तो अंकुश लगाया है लेकिन ग्रामीणों के खेत किनारे एवं सड़क के आसपास शासकीय भूमि के पेड़ पर अंकुश लगाने में सफल नहीं हो सके है। लकड़ी तस्कर इतने शातिर है कि सेमर के अलावा जामुन सहित अन्य प्रजातियों की कीमती पेड़ को भी काटने लगे है। लखनपुर क्षेत्र के भरतपुर सहित आसपास के गांव व सड़क किनारे लगाए गए सेमर, जामुन, शीशम सहित अन्य प्रजाति के पेड़ों की किया जा रहा है। पेड़ों की अवैध कटाई पर अंकुश लगाने क्षेत्र के लोगों ने शिकायत की थी लेकिन शिकायत के बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी। ऐसे में लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद है।

### उत्तर प्रदेश में खपा रहे लकड़ी

जिले से लकड़ी तस्कर बड़ी संख्या में बिना अनुमति पेड़ों काटकर तस्करी कर रहे हैं। इस कार्य को कुछ स्थानीय लोग भी शामिल है। लकड़ी तस्कर द्वारा शासकीय एवं निजी भूमि में लगे हरे-भरे बड़े-बड़े यूकेलिप्टिस के अलावा जामुन व अन्य प्रजाति के पेड़ों को प्रशासन के बिना अनुमति काट कर जिले के अलावा उत्तर प्रदेश भेज रहे है। इस बात का अंदाजा इससे ही लगाया जा सकता है कि जिस ट्रैक्टर व भारी वाहन में लकड़ी ले जाया जा रहा है वे सभी वाहन उत्तर प्रदेश के ही है।

#### रात के अंधेरे में काटते हैं पेड़

ग्रामीणों का कहना है कि दोपहर बाद ही ट्रैक्टर सहित अन्य भारी वाहना का आवाजाही शुरू हो जाता है। वहीं लकड़ी तस्कर शाम होते ही ग्रामीणों के खेतों एवं सड़क किनारे लगाए गए पेड़ो को काटना शुरू करते है। मशीन के उपयोग होने से पेड़ जल्दी कट जाते है और तड़के तक वाहनों में लकड़ी को लोड कर भेज दिया जाता है। जब ग्रामीण सुबह उठते है तो नजारा कुछ और ही होता है।

#### हर दिन कर रहे लकड़ी परिवहन

सूत्रों के अनुसार लकड़ी तस्कर हर दिन ट्रक से इमारती एवं गैर इमारती प्रजाति की लकड़ी को आसपास क्षेत्र ले जाते है। वन विभाग ने लकड़ी के अवैध परिवहन पर रोक लगाने जगह-जगह जांच चौकी है। लेकिन कहीं भी अवैध लकड़ी परिवहन करने वाले ट्रकों की जांच नहीं होती। तस्कर विभाग की इस छूट का फायदा उठाकर राजस्व एवं वन भूमि पर लगे इमारती लकड़ी की भी कटाई व परिवहन कर रहें है।

#### कार्रवाई होना चाहिए

बिना अनुमति सरकारी पेड़ों की कटाई की जा रही है तो गलत है। पेड़ काटने व कटवाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई होना चाहिए

-**बिहारी राजवाड़े**, उपसरपंच भरतपुर

#### मना किया जाएगा

हमारे गांव का पेड़ दीगर राज्य उत्तर प्रदेश के लोग पेड़ काट रहे है। सड़क किनारे लगे पेड़ काटने का कोई परमिशन नहीं लिए है। पेड़ काटने वाले लोगों को मना किया जाएगा।

-**श्रीमती अंजू सिंह**, सरपंच

#### की जाएगी कार्रवाई

बिना अनुमति पेड़ की कटाई की जा रही है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत पकड़े के वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी।

-**बन सिंह नेताम**, अनुविभागीय अधिकारी



# जिले के डीवीएम इंटरनेशनल स्कूल ने रचा कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

शिक्षा के क्षेत्र में गोंदा क्षेत्र ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। विकासखण्ड प्रतापपुर अंतर्गत जरही के गोंदा क्षेत्र में स्थित सीबीएसई से मान्यता प्राप्त डीवीएम इंटरनेशनल स्कूल ने इस वर्ष 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम दर्ज किया है। इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय का मान बढ़ाया है, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

- 10वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस वर्ष कक्षा 10वीं में शामिल सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है, जिनमें कई छात्रों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कुछ विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर टॉप परफॉर्मर की श्रेणी में अपना स्थान पक्का किया है। परिणामों में लड़कियों और लड़कों दोनों ने समान रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जो संतुलित और समर्पित शिक्षण व्यवस्था का प्रतीक है। ग्रामीण क्षेत्र में होने के बावजूद डीवीएम इंटरनेशनल स्कूल ने यह साबित कर दिया है कि अगर छात्रों को सही दिशा, योग्य शिक्षक और सकारात्मक वातावरण मिले तो वे किसी भी चुनौती को पार कर सकते हैं। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और गर्व का माहौल बन गया। बच्चों के चेहरों पर आत्मविश्वास और संतोष की झलक थी। अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि उनके बच्चों की इस सफलता के पीछे विद्यालय की मेहनत और अनुशासित शिक्षा प्रणाली का बड़ा हाथ है। विद्यालय के संचालक मंडल और प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों की निष्ठा और अभिभावकों के सहयोग से संभव हो सकी है। विद्यालय भविष्य में भी इसी तरह शैक्षणिक गुणवत्ता को बनाए रखते हुए छात्रों को हर क्षेत्र में निखारने का कार्य करता रहेगा।

# पीजी कॉलेज की समस्याओं को लेकर छात्रों ने मेन पर तालाबंदी कर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



मुख्य गेट पर ताला लगा प्रदर्शन करते छात्र।

संभाग के सबसे बड़े महाविद्यालय पीजी कॉलेज की विभिन्न समस्याओं को लेकर आजाद सेवा संघ के पदाधिकारियों के साथ छात्रों ने मुख्य गेट पर तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। कॉलेज में इस भीषण गर्मी में पेयजल, कक्षाओं में गंदगी, खराब पंखे-लाइट की समस्या को लेकर जमकर नारे बाजी की।

- पेयजल सहित अन्य समस्याओं से कराया अवगत

राजीव गांधी पीजी कॉलेज जो कि संभाग का सबसे बड़ा महाविद्यालय है। बावजूद इसके छात्रों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। आज आजाद सेवा संघ के नेतृत्व में छात्रों का आक्रोश फूट पड़ा। इस भीषण गर्मी में जहां शहर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। ऐसे में महाविद्यालय में वाटर आरओ की भयावह समस्या छात्रों के लिए असहनीय बन गई है। छात्रों को पीने के पानी के लिए तड़पना पड़ रहा है। जबकि महाविद्यालय प्रबंधन को कई बार पेयजल की समस्या से अवगत कराया गया है। पूर्व में सूचना दी जा रही थी कि महाविद्यालय के वाटर आरओ पूरी तरह से खराब हो चुके हैं, जिनमें पूरा गंदा पानी भरा रहता है और कभी-कभी मरी हुई छिपकलियां तक पाई गई है। इसके अलावा कक्षाओं में किसी भी प्रकार की साफ-सफाई नहीं रहती है, लाइटें खराब हैं, पंखा काम नहीं करता जिससे छात्रों को भीषण गर्मी में पढ़ाई करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जबकि महाविद्यालय के प्रोफेसर और प्राचार्य वातानुकूलित कमरों में बैठते हैं। इन समस्याओं के अतिरिक्त अनियमित कक्षाएं और सर्वर की गंभीर समस्या है। 6 मई को जब छात्र अपना एटीकेटी का फॉर्म भर रहे थे तब उनसे 900 के स्थान पर 1100 फीस वसूली गई। यह कोई पहली घटना नहीं है इससे पूर्व में भी महाविद्यालय प्रशासन द्वारा लगातार इस प्रकार की वित्तीय अनियमितताएं की गई हैं। आजाद सेवा संघ के कार्यकर्ताओं और महाविद्यालय के छात्रों ने अनोखे तरीके से नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने खराब वाटर आरओ के प्रतीक के तौर पर मटकी फोड़ प्रदर्शन किया और प्राचार्य को मटकी भेंट कर शुद्ध पेयजल की गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया। साथ ही संघ के कार्यकर्ताओं व छात्रों ने महाविद्यालय के मुख्य द्वारों पर तालाबंदी भी कर दी। छात्र अपनी मांगों पर अड़े रहे। संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा ने कहा कि छात्रों के हक की लड़ाई में खड़ा रहूंगा। महाविद्यालय प्रशासन को छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लेना चाहिए। इधर महाविद्यालय की प्राचार्य ने छात्रों की समस्या का निराकरण एक हफ्ते के भीतर पूरा करने लिखित में आश्वासन दिया जिसके बाद छात्रों ने प्रदर्शन समाप्त की।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में सेंट जेवियर्स का परिणाम संतोषजनक

**राजपुर।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2024-25 में सेंट जेवियर्स स्कूल राजपुर दसवीं बोर्ड के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा। सेंट जेवियर्स स्कूल राजपुर 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शुभम सिंह ने 92.8 प्रतिशत, नैन्सी लकड़ा ने 91.6 प्रतिशत, अंशिका अग्रवाल ने 90.4 प्रतिशत, दीपायान कुशवाहा ने 90.2 प्रतिशत एवं आयुष कुमार गुप्ता ने 88.8 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल का मान बढ़ाया है। वहीं कक्षा 12 वी में अभिजीत यादव ने जीव विज्ञान ग्रुप से 92.8 प्रतिशत, सानिया खातुन कॉमर्स ग्रुप से 87.8 प्रतिशत, चंचल कुशवाहा ने जीव विज्ञान ग्रुप से 85 प्रतिशत एवं शालिनी लकड़ा ने 83. 8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान हासिल किया है। छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के गुरुजनों को दिया। ज्ञात हो कि सेंट जेवियर्स स्कूल राजपुर ने विगत 12 वर्षों से छग माध्यमिक बोर्ड परीक्षा में लगातार 100 प्रतिशत था। अब सीबीएसई बोर्ड में भी अपना श्रेष्ट रेकॉर्ड कायम रखा है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के लगातार प्रयास, कड़ी मेहनत, बच्चों एवं अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित भावना द्वारा ही प्रत्येक वर्ष बच्चे अच्छे अंकों में उत्तीर्ण होकर आगे की उच्च पढ़ाई के लिए देश के विभिन्न अच्छे शैक्षणिक संस्थाओं में जाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक फादर मिखाएल एक्का, प्राचार्य फादर सेबास्तियन तिग्गा, उप-प्राचार्य अमोल कुमार मरकाम, हेड मिस्ट्रेस मिस प्रभा टोप्पो एवं स्टाफ ने बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दी।



### अक्षिता ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में अर्जित की 90.2 प्रतिशत अंक



**अम्बिकापुर।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड में होली क्रॉस कान्वेंट स्कूल की छात्रा अक्षिता जैन ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। उन्होंने अपने परिणामों का श्रेय अपने माता-पिता परिवार सहित स्कूल प्रबंधन को दिया है। अक्षिता जैन जैनसंस ट्रैक्टर संचालक विक्रांत जैन, काकुल जैन की पुत्री है।

# शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल

**बिश्रामपुर।** शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और सुरक्षित प्रतिक्रिया देना सीखना था। इस दौरान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक शालिनी शांता कुजूर द्वारा नागरिक सुरक्षा की भूमिका के बारे में बताया गया तथा पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बारे में बताया गया साथ ही भारतीय सेना के प्रति उत्तर में एक्शन ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी गई। सभी विद्यार्थियों को एनएसएस के वर्तमान स्थिति के परिपेक्ष में भारतीय बॉर्डर पर हो रही घटनाक्रम को देखते हुए आवश्यकता पड़ने पर देश की सेवा के लिए सिविल डिफेंस वालंटियर माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने हेतु सभी विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं मुख्य वक्ता प्राचार्य अमित सिंह बनाफर महत्वपूर्ण ने जानकारियां दी।उन्होंने सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का मकसद पर बच्चों को जानकारी दी। यहाँ पर मॉक ड्रिल के सात एक्सरसाइज के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की एनएसएस टीम एवं छात्र-छात्राओं के अलावा सहायक प्राध्यापक अंजना, अजय तिवारी, भारत लाल कंवर, आशीप कौशिक, जफीर, सुश्री स्वाति यादव व अन्य उपस्थित थे।

# अदाणी विद्या मंदिर के 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में बेटियां रहीं अव्वल

**अम्बिकापुर।** अदाणी विद्या मंदिर, साल्ही के 10वीं और 12वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणामों में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें विशेष रूप से बेटियों ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा कक्षा 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। जिसमें अदाणी विद्या मंदिर के 21 बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए है। इस वर्ष अदाणी विद्या मंदिर से 10 वीं कक्षा में कुल 51 छात्रों ने परीक्षा दी, जिनमें से सभी विद्यार्थी सफल हुए और स्कूल ने शत प्रतिशत परिणाम दर्ज किया। 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 11 छात्रों में से 8 बेटियां रहीं। डांडगांव की हर्षिता यादव ने 81.84 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया। साल्ही की प्रेरणा सिंह ने 77.84 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान और साल्ही के राजकमल कोर्राम ने 76.67 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि 12 वीं कक्षा में कुल 47 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। 60 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 10 छात्रों में से 6 बेटियां रहीं। हरिहरपुर के आदिवासी छात्र नारायण सिंह कोर्राम ने 75 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। घाटबर्रा के समीर यादव 73.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय और साल्ही के सुरजीत पोर्ते 71.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे।



# मधुमक्खियों का छत्ता हटाने नपं प्रबंधन सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



नगर पंचायत बिश्रामपुर में सुशासन तिहार का समाधान शिविर वार्ड नंबर 5 आजार ग्राउन्ड के सामुदायिक भवन में किया गया। शिविर में वार्डवासियों द्वारा 436 आवेदन दिए गए थे। जिसमें साफ सफाई, राशनकार्ड, स्ट्रीट लाईट, पेयजल सुविधा, नाली निर्माण व मरम्मत के अलावा अन्य मूलभूत सुविधाओं की मांग की गई थी। साथ ही वार्ड नंबर सात में स्थित सेमर पेड़ में मधुमक्खियों के छत्तों से परेशानी का निराकरण कराए जाने की भी मांग की गई थी, जिस पर बुधवार को नपं बिश्रामपुर उपाध्यक्ष समेत पूर्व नपं अध्यक्ष राजेश यादव, वन विभाग से धीरेन्द्र सिंह, नपं सीएमओ सुशील कुमार तिवारी, उपयंत्री गौरव अग्रवाल, रनदीप दास, अरविंद यादव, पार्षद रविशंकर बउवा, संजीत यादव व अन्य लोगों ने मौके पर पहुंच कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया और लोगों की समस्या के निराकरण कराए जाने पहल शुरू कराई गई।इसके अलावा शिविर में प्राप्त अन्य आवेदनों का भी निराकरण किए जाने पहल की गई।

# भैंसा चोरी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



करीब डेढ़ महीने पूर्व ग्राम रतनपुर से दो जोड़ी भैंसा चोरी मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है।

- पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय किया जा चूका है पेश

जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम रतनपुर निवासी प्रार्थी रामप्रताप सिरदार पिता कृष्णा सिरदार व पड़ोसी बनस के घर के पास बंधे दो जोड़ी भैंसा को अज्ञात लोगों द्वारा 28 मार्च की रात चोरी कर लिया गया था। मामले में पतासाजी के दौरान रामानुजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सुरता निवासी जुगेश्वर ने फोन करके पीड़ित बनस को बताया कि चार भैंसा को 3-4 लोग बेचने आए थे। जिसके बाद पोडी जंगल तरफ देखने गया तो पीड़ित बनस ने अपने चोरी हुए भैंसा को पहचान लिया। इसके पश्चात रामानुजगर पुलिस की मदद से भैंसा को बेचने की फिराक में घूम रहे कैलाशपुर निवासी घनश्याम राजवाड़े को पकड़ लिया गया था और आरोपी की निशानदेही पर ग्राम कोरेया निवासी हितेश कुमार को भी पूर्व में ही गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश किया जा चुका है। मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपी मणिपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मेंड्राकला निवासी 19 वर्षीय टिकेश्वर पिता स्व.रामप्रकाश के अलावा ग्राम कैलाशपुर निवासी नरेश राजवाड़े पिता मोतीलाल, भरत राजवाड़े उर्फ भरत चंद पिता सोमार साय उर्फ सुमारू राम को बुधवार को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया गया है। मामले में पुलिस द्वारा तीनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (3), 3 (5) के तहत कार्यवाही की है।कार्यवाही में जयनगर थाना प्रभारी टीआई नरेंद्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक सोहन सिंह, आरक्षक सुरेश कुमार साहू व अन्य सक्रिय रहे।

**खबर संक्षेप**



## खड़गवां में भागवत कथा का शुभारंभ

**खड़गवां।** जनपद पंचायत प्रांगण में गुरूवार से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। सुप्रसिद्ध कथा वाचक दीपू महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्रामवासी खड़गवां द्वारा किया गया है। कार्यक्रम के संरक्षक छग शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल हैं। कार्यक्रम की शुरूआत 108 कलश यात्रा से हुई, इसमें स्थानीय महिलाओं ने तालाब से पवित्र जल भरकर कलश स्थापना की। कलश यात्रा का शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल के निवास से हुआ, जिसमें उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कांति जायसवाल, सुशीला जायसवाल, मैना जायसवाल, अनिता साहू सहित भागवत समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे। यह आयोजन कई वर्षों बाद ग्राम खड़गवां में हो रहा है, इससे ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतिदिन शाम 6 से रात्रि 9 बजे तक दीपू महाराज द्वारा भागवत कथा वाचन किया जाएगा। ग्रामवासी इस धार्मिक आयोजन में काफी संख्या में भाग ले रहे हैं और कथा स्थल पर भक्तिभाव का वातावरण बना हुआ है।



## नाम रोशन करने वालीं एथलिट्स सम्मानित

**मनेन्द्रगढ़।** छग राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक द्वारा कार्यालय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, एसडीएम लिंगराज सिदार, एडिशनल एसपी अशोक वाडेगावंकर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल की उपस्थिति में बुजुर्ग महिला एथलिट्स श्रीमती शकुंतला सिंह उम्र 70 वर्ष, श्रीमती कमला देवी मंगतानी उम्र 67 वर्ष, श्रीमती संजीदा खातून उम्र 55 वर्ष एवं 12 वीं की छात्रा कुमारी श्रुति मंगतानी को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। सभी एथलिट्स इस उम्र में भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सैकड़ों मैडल जीत कर प्रदेश के साथ-साथ देश का भी नाम रोशन कर रहीं हैं। विदित हो कि एमसीबी जिले की एथलेटिक्स शकुंतला सिंह ने एथलेटिक्स पावर की प्रतियोगिता में ना सिर्फ जिला बल्कि राज्य समेत राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराया है। 70 वर्षीय शकुंतला सिंह 15 गोल्ड मेडल, राष्ट्रीय 10 गोल्ड मेडल अंतरराष्ट्रीय स्तर अपने नाम किया है, इसके अलावा शकुंतला सिंह को महिला बाल विकास विभाग जिला एमसीबी और विभिन्न शासकीय गैर शासकीय मंचों द्वारा भी सम्मानित किया गया है, इसके अलावा हिमालय ब्रेकिंग, रोक क्रॉसिंग लीवर क्रॉसिंग,आईस क्रॉसिंग मेंमेडल और 1981-82 में सर्टिफिकेट प्राप्त कर चुकी है।

### 580 में 360 आवेदन मांग के, वार्ड क्रमांक 6 में समाधान शिविर

# शिवपुर चरचा में मांगों संबंधी सबसे ज्यादा आवेदन

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

नगर पालिका परिषद शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 6 में सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण के अंतर्गत समाधान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर गुरूवार को सामुदायिक भवन में प्रातः 10 से सायं 4 बजे तक चला। इसमें वार्डवासियों की समस्याओं और शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न विभागों खाद्य, स्वास्थ्य, राजस्व, आंगनबाड़ी, ट्रैफिक, विद्युत, नल-जल सहित अन्य विभागों के स्टाल लगाए गए थे। प्रत्येक विभाग के प्रतिनिधियों ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और त्वरित कार्रवाई करते हुए कई मामलों का तत्काल निराकरण किया। सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, समयबद्ध समस्या समाधान और विकास कार्यों में गति लाना है। इस शिविर के माध्यम से आम नागरिकों को न केवल अपनी समस्याएं साझा करने का अवसर मिला, बल्कि उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा, उप अभियंता आलोक चक्रधारी, वरिष्ठ पत्रकार नीरज गुप्ता, पत्रकार अंकित अग्रवाल एवं प्रकाश शर्मा, पार्षद श्रीमती रामकली पाल, कुंडल सायं, संजय देवांगन, नपा राजस्व निरीक्षक महेश्वरी पैकरा, सहायक ग्रेड-2 शशिभूषण श्रीवास्तव, लेखापाल महेन्द्रपाल, ट्रैफिक विभाग के नायक डॉ. महेश मिश्रा सहित नगर पालिका



के समस्त कर्मचारी सहित काफी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। विदित हो कि 8 से 11 अप्रैल तक सुशासन तिहार के प्रथम चरण में नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा में 580 आवेदन प्राप्त हुए थे। 23 आवेदन विभिन्न समस्याओं से संबंधित थे, जिनका शत-प्रतिशत समाधान किया गया है, वहीं 368 आवेदन मांग से संबंधित थे, जिसे स्वीकृति के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को प्रेषित किया गया है। शिविर स्थल पर विभागीय अधिकारियों द्वारा शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारियां साझा की और आम लोगों से अपील की, कि योजनाओं का लाभ लेने के लिए स्थानीय कार्यालय में संपर्क करें। इस अवसर पर चार हितग्राहियों को 5 लाख रूपए की निःशुल्क इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया, इसी तरह दो हितग्राहियों को राशन कार्ड और एक हितग्राही को ऋण पुस्तिका भी प्रदान की गई।

# डीएवी पब्लिक चिरमिरी के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**वेस्ट चिरमिरी।** सीबीएसई द्वारा 13 मई को कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इसमें डीएवी पब्लिक स्कूल चिरमिरी के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा दसवीं में प्रियांश अग्रवाल 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, अनन्या सिंह 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा मेहुल ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं में विद्यालय के 70 विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए और विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। संस्कृत में 10, गणित में 2, तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय में 5 विद्यार्थियों ने 100 में 100 अंक प्राप्त किया। विद्यालय का औसतांक 75.35 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में 13 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत और उससे ज्यादा अंक प्राप्त किए। कक्षा 12 वीं में 47 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में भाग लिया। इसमें 23 विद्यार्थी विज्ञान वर्ग एवं 24 विद्यार्थी वाणिज्य वर्ग के थे। कक्षा 12 वीं का परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 12 वीं में 7 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक अर्जित किया। कक्षा 12 वीं विज्ञान वर्ग में साक्षी अग्रवाल ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान मनोदीप दास 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा श्रेयांश विश्वकर्मा ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं वाणिज्य वर्ग में आदर्श गुप्ता ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान अंशिका जैन 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा श्रुति राय ने 92.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 वीं का औसतांक 75.91 प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्राचार्य एसके पांडे ने समस्त विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही साथ उन्होंने समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी बधाई दी। अशोक कुमार, मुख्य महाप्रबंधक एसईसीएल, चिरमिरी क्षेत्र एवं चेयरमैन, डीएवी पब्लिक स्कूल चिरमिरी ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर छात्र-छात्राओं एवं समस्त स्टाफ को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# 12वीं बोर्ड में सलका विद्यालय रहा अव्वल



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 में कक्षा 12 वीं में कोरिया जिले में प्रथम स्थान हासिल करने वाले विद्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलका की टीम ने पुनः कक्षा 10 वीं बोर्ड में 92 प्रतिशत अंकों के साथ जिले व विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल करने वाली छात्रा कुमारी रूपा राजवाड़े पिता संतलाल राजवाड़े को विद्यालय परिवार द्वारा छात्रा के गृह ग्राम मेको निवास पर जाकर पुष्पगुच्छ, कलम, प्रोत्साहन प्रमाण पत्र, मोमेंटो प्रदान किया साथ ही मेघावी छात्रा को मिष्ठान खिलाकर सम्मापित कर बधाई दी। यह पल न केवल छात्रा अपितु ग्रामवासियों व विद्यालय परिवार के लिए गौरवपूर्ण रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती शशिबाला खलखो, शिक्षक पंकज कुमार बाजपेयी, संकुल समन्वयक प्रदीप कुमार साहू, खेल शिक्षक प्रफुल्ल तिग्गा, हरिप्रसाद राजवाडे, ब्रम्हानंद, शिक्षक स्टॉफ सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। संस्था प्रमुख ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि छात्रा के उत्कृष्ट प्रदर्शन से हमारा कोरिया जिला गौरवान्वित हुआ है, ऐसे होनहार विद्यार्थी ही प्रदेश और देश का नाम रौशन करेंगे। कक्षा शिक्षक पंकज बाजपेयी ने इस उपलब्धि पर छात्रा की कठोर लगन व अथक परिश्रम के साथ-साथ माता-पिता की महती भूमिका की सराहना की।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल का शत प्रतिशत रहा रिजल्ट




**मनेन्द्रगढ़।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ ने 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में एक बार फिर 100 प्रतिशत परिणाम देकर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को बरकरार रखा है। विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी दी बधाई विद्यालय के इस शानदार परिणाम पर नगर के प्रमुख जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी बधाई दी और भविष्य में विद्यालय को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### इन छात्र छात्राओं ने बढ़ाया मान

विद्यालय के टॉपर गौर सुंदर दुबे ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उनके बाद तनीष्क गौतम 94 प्रतिशत, सुहानी अग्रवाल 93 प्रतिशत, तेजस्वीर सिंह रैना 89 प्रतिशत, उन्नति छत्तानी 88 प्रतिशत, रुशील आनंद साहू और स्वराज विश्वकर्मा 87 प्रतिशत, पीयूष यादव, पूर्वी यादव और प्रगति शुक्ला 82 प्रतिश एवं सार्थक सिंह ने 80 प्रशित अंक प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण और प्रबंधन समिति ने इन होनहार विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, समर्पण, नियमित अभ्यास और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। विद्यालय की प्राचार्य डाक्टर बसंत तिवारी ने कहा कि हमारे लिए यह गर्व का विषय है कि हमारे सभी छात्र सफल हुए हैं। यह सफलता केवल अंकों की नहीं, बल्कि उस अनुशासन और सीखने की प्रक्रिया की जीत है, जिसे विद्यालय वर्षों से बढ़ावा देता आ रहा है। विद्यालय की डायरेक्टर पूनम सिंह ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक सफलता नहीं बल्कि छात्रों का सर्वांगीण विकास है इसमें नैतिक शिक्षा, खेल, कला और सामाजिक चेतना को भी प्राथमिकता दी जाती है।

## अंशिका रही अव्वल



**बैकुण्ठपुर।** शहर के सेंट जोसेफ इंग्लिश मीडियम स्कूल बैकुठपुर में अध्ययनरत अंशिका अग्रहरि माता श्रीमती श्वेता अग्रहरि कक्षा 10 वीं के सीबीएसई परीक्षा में 96.4 प्रतिशत अंक के साथ पूरे कोरिया जिले को गौरवान्वित किया है। अंकिता शुरू से ही मेधावी रही है। अंशिका ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों, नाना-नानी और मां को दिया है। अशिंका की माता वर्तमान में व्याख्याता बैकुंठपुर पद पर पदस्थ हैं। अंशिका ने यह उपलब्धि बिना किसी कोचिंग के प्राप्त की है।

# छात्र-छात्राओं को बांटी गई प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

एसईसीएल हसदेव क्षेत्र द्वारा कॉपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के तहत शासकीय विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में कक्षा 10 वीं और 12 वीं में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले 30 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं 5 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय हसदेव क्षेत्र में किया गया। इस मौके पर महाप्रबंधक संचालन संजय सिन्हा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी विद्यार्थियों ने जो उपलब्धि हासिल की है, वह आपके परिश्रम, आत्मविश्वास और लगन का परिणाम है। हम आशा करते हैं कि आप भविष्य में और भी ऊंचाइयों को छुएं। एसईसीएल हमेशा शिक्षा और युवाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध




रहेगा। आप हमारे भविष्य के निर्माता हैं और आपके सपनों को साकार होते देखना हम सभी के लिए गर्व की बात है। विशेष उद्बोधन में क्षेत्रीय महाप्रबंधक उमेश चंद्र शर्मा ने कहा कि एसईसीएल का यह प्रयास सिर्फ एक प्रोत्साहन नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है। हमारे विद्यार्थियों के लिए उनके परिवारों के लिए और पूरे समाज के लिए। शिक्षा वह दीपक है जो अंधकार को प्रकाश में बदलता है। कार्यक्रम स्टाफ ऑफिसर (सिविल) ओपी सिंह के सहयोग एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर बंजी, बुंदेली, छिपछिपी, पाराडोल, लेदरी, झगराखांड़ तथा खोंगापानी के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सभी स्कूल हसदेव क्षेत्र के 25 किमी के दायरे में स्थित हैं। इस अवसर पर कुल 1,50,000 की प्रोत्साहन राशि का वितरण किया गया, जिससे छात्रों को न केवल आर्थिक सहयोग मिला।

## चंदनपान कार्यक्रम में भेंट किए पौधे



**बैकुण्ठपुर।** राजवाडे समाज कोरिया के संचालक राम कृपाल राजवाडे के गृहग्राम सरभोका में उनके माता स्व. सुखमन राजवाडे के चंदनपान कार्यक्रम में राजवाडे समाज क्षेत्र समिति सोनहत के अभिनव पहल एवं जिलाध्यक्ष राजवाडे समाज कोरिया रविशंकर राजवाडे के मार्गदर्शन में बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाडे के द्वारा लीची व चंदन का पौधा एक पेड़ मां के नाम भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर राजवाडे समाज जिला समिति कोरिया एवं क्षेत्र समिति सोनहत, पटना, बैकुंठपुर के पदाधिकारी व समाज के लोग उपस्थित रहे।

# बीबीए प्रथम सेमेस्टर में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**मनेन्द्रगढ़।** जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भोपाल के जय नारायण कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में आयोजित बीबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में मनेन्द्रगढ़ के होनहार विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद श्रीमती नीलू विनीत जायसवाल के पुत्र शिवम जायसवाल ने 9.35 एसजीपीए अर्जित कर प्रथम रैंक, तथा मनेन्द्रगढ़ की ही आस्था अग्रवाल ने 9.25 एस जीपीए प्राप्त कर द्वितीय रैंक हासिल की है। इन दोनों विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर परिवार, शिक्षकवृंद, मित्र एवं समस्त नगरवासियों में गर्व और हर्ष की लहर है। कॉलेज प्रशासन ने दोनों टॉपर्स को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि आपकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, फोकस और जुनून ने वाकई में रंग दिखाया है। आप दोनों हमारे संस्थान के गौरव हैं। इन विद्यार्थियों की सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है और यह सिद्ध करती है कि लक्ष्य के प्रति समर्पण और परिश्रम से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

**न्यायालय तहसीलदार खड़गवां जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)**
क्रमांक/ /वाचक/2025 खड़गवां
दिनांक 30.04.2025

**ईश्तहार**

सर्व साधारण ग्राम सारसताल के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय सिंह आ. शिवदर्शन जाति गोड़ निवासी ग्राम सारसताल तहसील खड़गवां जिला एम.सी.बी. छ.ग. के द्वारा निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम सारसताल पहन. 06 में स्थित भूमि ख.न. 182 रकबा 0.81 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त खाते की भूमि पर प्राकृतिक रूप से उगे वृक्षों की प्रजाति और संख्या 02 नग सराई वृक्ष स्थित है। जो प्राकृतिक रूप से उगे वृक्ष हैं। आवेदक अपने खाते की भूमि पर प्राकृतिक रूप से उगे 02 नग सराई वृक्ष को कटाई कराने हेतु अनुमति बावत आवेदन अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खड़गवां में प्रस्तुत किया है, मूल प्रकरण जांच कर प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। अतएव इस संबंध में ग्राम के किसी भी व्यक्ति या हितबद्ध पक्षकार को किसी प्रकार का आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 16/05/2025 के भीतर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात् किसी प्रकार के आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/4/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के सील पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**खड़गवां जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)**

# मांगों को लेकर पेंशनर्स ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर।



ज्ञापन सौंपने पहुंचे पेंशनर्स

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासभा प्रदेश छग के जिला शाखा कोरिया अध्यक्ष प्रेमचंद्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव के नाम पेंशनर्स हितैषी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रेमचंद्र गुप्ता, घनश्याम जायसवाल, रामकुमार राजवाडे उपस्थित रहे।

सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि मप्र राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 (6) को विलोपित करने के लिए विधानसभा में शासकीय संकल्प पारित किया जाए, इससे छग सरकार को 2000 करोड़ से अधिक राशि की सालाना बचत होगी। केन्द्र से देय तिथि और दर पर मोदी की गारंटी के तहत पेंशनरों और परिवार पेंशनरों को एरियर सहित डीआर देने का निर्णय केबिनेट से पारित किया जाए। भारतीय पेंशनर्स महासभा के मांग पर पेंशन एवं भविष्य निधि संचालनालय के स्थापना के बाद अब संयुक्त संचालक पेंशन और जिला पेंशन कार्यालय की स्थापना तत्काल की जाए। केशलेश मेडिकल सुविधा का लाभ सभी सरकारी अस्पतालों के साथ सरकारी कर्मचारियों की भांति राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सभी निजी अस्पतालों में भी सुविधा देने के आदेश प्रसारित किए जाए, एवं सेवानिवृत्त नियमित दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का संपूर्ण सेवाकाल को पेंशन अवधि के लिए गणना में लिया जाए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जिपं कोरिया में ...

प्रस्ताव अनुमोदन पश्चात राज्य शासन को प्रशासकीय स्वीकृति के लिए प्रेषित किए जाएंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा ने कहा कि जनप्रतिनिधि और लोकसेवकों के सही तालमेल से ही क्षेत्र में विकास की गति को आगे बढ़ाया जा सकता है, इसलिए विभाग प्रमुख, सभी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को प्रत्येक निर्माण कार्यों की आरंभ में ही सूचना दें, जिससे कार्यों की निगरानी हो सके और जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र में प्राप्त होने वाली समस्याओं को त्वरित समाधान करने का प्रयास करें। उन्होंने वन विभाग के कार्यों पर असंतोष जताते हुए कहा कि जंगल में भी हो रहे कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। सामान्य सभा की बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति, हैंडपंप में पाइप विस्तार, जलाशयों में गेट सुधार, आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण व उनके भवन सुधार, वनांचल सोनहत के दूरस्थ ग्राम पंचायतों में सोलर लाइट की बैटरी बदलने जैसे विभिन्न विषय सदस्यों के द्वारा रखे गए। जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने सदस्यों द्वारा रखे गए इन सभी विषयों पर संबंधित विभाग प्रमुखों को आवश्यक कार्रवाई कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह, श्रीमती गीता राजवाड़े,राजेश साहू, सुरेश सिंह, श्रीमती शिवकुमारी, श्रीमती सुशमा कोराम तथा स्नेहलता उदय शामिल रहे। वहीं बैकुंठपुर जनपद पंचायत के अध्यक्ष उदय सिंह तथा भरतपुर-सोनहत क्षेत्र की विधायक प्रतिनिधि रामप्रताप मरावी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### राहत : अब घर ...

पारिवारिक दान, हक त्याग जैसे पंजीयन शुल्क 0.8 प्रतिशत से घटाकर मात्र 500 रूपए शुल्क की गई है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन सभी सुविधाओं का अधिकतम प्रचार-प्रसार हो, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सकें। साथ ही, विभाग को नई तकनीकों से अद्यतन रखने और जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में अपर कलेक्टर अरूण कुमार मरकाम, डीडी मंडावी, बैकुंठपुर एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम, सोनहत एसडीएम राकेश साहू, जिला उप पंजीयक अनुराग भगत सहित राजस्व विभाग एवं पंजीयक कार्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे।

### रतनपुर में सुशासन ...

निराजो एवं हीरालाल को नवीन राशन कार्ड वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा तुलसी, चंद्रप्रताप, बद्रीप्रसाद, फुलकुंवर एवं शिवनारायण को आयुष्मान भारत कार्ड प्रदान किए गए, जिससे अब ये लाभार्थी निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राजकुमारी, श्रीदेवी, धुरमतिया, शुएमा, तारा और कुंती को गोद भराई का लाभ दिया गया। साथ ही विभाग द्वारा हिमांशु, अर्चना, अंशिका, रामबली एवं आशा को सुपोषण टोकरी वितरित की गई।

